हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026



# इंदौर घटना के बाद पानी टंकियों की हो रही सफाई, सप्लाई लाइन पर ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


मध्यप्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से मौत के मामले के बाद राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में पेयजल सप्लाई को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है। महीनों और वर्षों से साफ नहीं हुई पानी टंकियों को साफ किया जा रहा है, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। वहीं दूसरी और टंकियों के अलवा सप्लाई लाइन को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

शहर में कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां से जलापूर्ति के लिए लोगों के घरों तक जाने वाली सप्लाई पाईप लाइन गड्ढे, दलदल, नाला-नाली से होकर गुजर रही है। वहीं पेयजल सप्लाई के लिए वॉल्व टंकियों की सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर में कई वाल्व टंकी ऐसी है, जहां सुबह-शाम वॉल मैन द्वारा वाल्व की चूड़ी खोलकर पेयजल सप्लाई की जाती है। यहां पानी भरा होने के चलते कई स्थानों पर लोग अपने वाहन धोते हैं। एक तरफ नगर निगम द्वारा लोगों को शुद्ध पेयजल मिले, इसके लिए फिल्टर प्लांट में विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पानी की गुणवत्ता को परखने के लिए दो समय इसकी टेस्टिंग भी कराई जाती है, लेकिन फिल्टर प्लांट से निकलने के बाद लोगों के घरों तक पहुंचाने के दौरान पाईप लाइन कई दूषित जगह से होकर गुजरती है, ऐसे में लोगों के घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाना आसान नहीं है। पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए लगभग 21 प्रकार की जांच होती है। इसमें आर्सेनिक, क्लोराइड, नाइट्रोजन, सल्फेट सहित विभिन्न जांच की जाती है, लेकिन नगर निगम द्वारा मुख्य तौर पर ही 5-7 प्रकार की जांच करने नमूना पीएचई को जाता है।

## शहर के बड़े हिस्सों में नालियों के जरिये गुजर रही पेयजल की पाइप लाइन, चिंता जरूरी

### बॉल्व टंकियों में धो रहे कपड़े

शहर के मोहारा रोड पर मोहरा बस्ती के सामने ही वाल्व टंकी वर्षों से निस्तार का माध्यम बनी हुई है। यहां पर आसपास क्षेत्र के लोग नहाने के अलावा अपने कपड़े भी धोते हैं। डिटर्जेंट पावडर का झाग, कपड़ों के मैल वापस टंकी में समाहित होता है। शहर के टांकापारा मोड़ के समीप भी इसी तरह से टंकी के पानी से लोग अपने वाहन धोते हैं। शहर में कुछ और जगह भी है, जहां वॉल्व टंकियों को ढंके नहीं जाने के चलते पानी प्रदूषित हो रहा है, जो पाईप लाइन के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।



### नालियों में लाइन लिकेज

शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाईप लाइन नाली के समीप से होकर गुजरती है। कई बार पाईप लाइन में हल्का लीकेज होने पर पता भी नहीं चलता है। पाईप में पानी का फ्लो खत्म होने पर दूषित पानी भीतर प्रवेश करता है। ऐसे क्षेत्र के पाईप लाइन को दलदल, नाली से हटाने को लेकर अब तक कोई काम नहीं हुआ है।

### नालियों में सप्लाई लाइन

शहर के कई घरों में नगर निगम की पाईप लाइन से सप्लाई नालियों से होकर ही गुजरी गई है, जहां आधी पाईप लाइन नाली में डूबी हुई रहती है। ऐसी पाईप लाइन को भी नाली से हटाकर सुरक्षित तरीके से पानी देने को लेकर कोई कार्य दिखाई नहीं देता है। शहर के अधिकांश घरों में पहुंचने वाली सप्लाई पाईप लाइन नालियों से होकर ही जा रही है। जिसमें जरा सी भी लिकेज आने पर लोगों के घरों तक दूषित पानी पहुंच सकता है। जिससे बीमारियां बढ़ने के साथ ही जान भी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### जिला झेरिया रजक समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला झेरिया रजक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक कल 11 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे चिखली थाना के पीछे स्थित दीनदयाल नगर रजक सामाजिक भवन में रखी गई है।जिला झेरिया रजक समाज के अध्यक्ष डॉ. एलआर निर्मलकर ने समस्त परिक्षेत्र अध्यक्षों, सचिवों सहित जिले के सभी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। डॉ. निर्मलकर ने बताया कि बैठक में आगामी 23 फरवरी को पूजनीय संत गाडगे महाराज की जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। उक्त जानकारी रजक समाज के जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

### वाहन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 18 को

**राजनांदगांव।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के क्षेत्राधिकार में संचालित सभी स्कूली बसों का भौतिक निरीक्षण, वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा वाहन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में किया जाएगा। स्कूल बस संचालकों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर दस्तावेज सहित वाहन प्रस्तुत करने कहा गया है। वाहन प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में वाहन अनफिट मानते ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

## माय एंगल




### राजनांदगांव जिले में पिछले साल खरीदा गया था 70 लाख क्विंटल धान

# सूखत मान्य: 31 मार्च की स्थिति में शेष धान के बदले मिलेंगे 3.45 रुपए क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूखत धान के नुकसान की भरपाई के लिए अश्निचितकालीन हड़ताल में रहने वाले समिति प्रबंधकों की मांग आखिरकार सरकार ने मान ली है। प्रदेश सरकार पिछले साल हुई धान खरीदी के बाद उठाव में विलंब के चलते शार्टेज पाए गए धान के एवज में समितियों को राशि देने का फैसला किया है। इसमें 28 फरवरी और 31 मार्च की स्थिति में अलग-अलग दर निर्धारित किए गए हैं। जिले में लगभग 88 हजार क्विंटल धान का शार्टेज मार्च के बाद पाया गया था। ऐसे में अब समितियों को लाखों रुपए की राशि जारी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि अंचल सहित छत्तीसगढ़ में धान खरीदी (2025-26) के शुरूआती दौर में सहकारी समितियों के कर्मचारियों और प्रबंधकों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। यह हड़ताल, जिसमें सूखत धान के वजन में कमी के नुकसान की भरपाई मुख्य मुद्दा था, नवंबर 2025 के मध्य में हुई। जिससे धान खरीदी प्रक्रिया पर संकट मंडराने लगा था। उस समय भी कई दौर की बातचीत की गई थी, लेकिन अब आखिरकार सूखत को लेकर शासन ने अपना रूख भी स्पष्ट कर दिया है।

## उठाव के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल भी की थी समिति प्रबंधकों ने

अलग खबर



### इस साल भी उठाव सुस्त

एक तरफ जहां पिछले साल धीमे उठाव के चलते धान में सूखत की शिकायतें सामने आई थी। इस बार भी जिले में धान खरीदी के लगभग दो महीने होने के पश्चात उठाव की रफ्तार सुस्त बनी हुई है। सरकारी आंकड़े के अनुसार राजनांदगांव जिले में ही अब तक 45.50 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन उठाव महज 12.55 लाख क्विंटल धान का ही किया गया है, जो कुल खरीदी का लगभग 25 फीसदी ही है। ऐसे में आने वाले समय में उठाव की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई तो फिर सूखत की समस्या सामने आ सकती है।

### नीलाम करना पड़ा था धान

ज्ञात हो कि पिछले साल जिले में 125611 किसानों से कुल 70.14 लाख क्विंटल धान खरीदा गया था। समय पर उठाव नहीं होने और संग्रहण केंद्र में धान जाम होने के बाद अप्रैल महीने में धान की ऑनलाइन नीलामी भी कराई गई थी। पिछले साल का अब तक हजारों क्विंटल चावल जमा होना शेष है। यही कारण है कि समितियों ने सूखत की मांग की थी।

### 88 हजार क्विंटल का शार्टेज

ज्ञात हो कि पिछले साल 30 अप्रैल की स्थिति में जिले की 96 समितियों में कुल 88502 क्विंटल धान का शार्टेज बताया गया था। यह पिछले साल की कुल खरीदी का लगभग 1.26 फीसदी था। यदि इस आंकड़े से अनुमान लगाए तो जिले की समितियों को 88502 क्विंटल धान के बदले लगभग तीन लाख रुपए का सूखत राशि प्रदान की जाएगी।

### सभी जिलों को आदेश जारी

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा विगत 7 जनवरी को सूखत से संबंधित एक आदेश भी जारी कर दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के 28 फरवरी की स्थिति में उठाव नहीं होने पर शेष धान के बदले समितियों को एमएमसपी का 0.1 फीसदी यानि 2.30 रुपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। वहीं 31 मार्च 2025 की स्थिति में समितियों में शेष धान के बदले एमएमसपी का 0.15 फीसदी यानि 3.45 रुपए प्रति क्विंटल की राशि दी जाएगी।

# बीवी जी-राम-जी योजना को लेकर विरोध, कांग्रेस क्रमबद्ध करेगी आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को बदलकर अब इसे विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (बीवी जी-राम-जी) कर दिया गया है। जिसको लेकर एक कॉन्फ्रेंस करते राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री फूलोदेवी नेताम ने मोदी सरकार पर मजदूर विरोधी और गरीब विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को खत्म कर देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों से काम का संवैधानिक अधिकार छीन लिया है। वहीं इस योजना के माध्यम से राज्य सरकारों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होने कहा कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा हमला है, पंचायत से उसके अधिकार छीना जा रहा है।

जी राम जी योजना को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, विपिन यादव, जितेंद्र मुदलियार, राजेश कुमार चंपू, हेमा देशमुख, संतोष पिल्ले, भुनेश्वर बघेल, थानेश्वर पाटिला, कुलबीर सिंह छाबड़ा, अमित चंद्रवंशी, अशोक पंजवानी, वीरेंद्र चंद्राकर, आसिफ अली, चेतन भानुशाली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### रोजगार गारंटी कमजोर होने का आरोप



फूलोदेवी नेताम ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक देन रही है। जिसने देश के सबसे गरीब परिवारों को सम्मानजनक रोजगार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सुधार के नाम पर लोकसभा में बिल पास कर सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना को कमजोर कर दिया है। यह सिर्फ योजना में बदलाव नहीं, बल्कि गरीब मजदूरों से उनका अधिकार छीनने की साजिश है, जिसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी।

### राज्य सरकारों पर अतिरिक्त बोझ

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि मनरेगा एक केंद्रीय कानून था। जिसमें लगभग 90 प्रतिशत अब केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी 60-40 कर दी गई है। राज्यों की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। ऐसे में यह व्यवस्था मनरेगा को धीरे-धीरे बंद करने का रास्ता खोल देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अब राज्यों पर वीबी जी-राम-जी के नाम पर लगभग 50,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ डालना चाहती है।

### कांग्रेस करेगी आंदोलन

जी-राम-जी योजना के मुद्दे को लेकर अब कांग्रेस द्वारा ग्राम पंचायत स्तर से राज्य स्तर तक आंदोलन की तैयारी की जा रही है। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने बताया कि 8 जनवरी से चरणबद्ध विरोध जारी है। जिसमें 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास होगा। वहीं 12 जनवरी से 29 जनवरी तक कांग्रेस नेताओं द्वारा ग्राम पंचायत में चौपाल लगाया जाएगा। 30 जनवरी से वार्ड स्तर पर धरना प्रदर्शन होगा। वहीं 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय मनरेगा बचाव कार्यक्रम के तहत जिला कार्यालय का घेराव और 7 फरवरी से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव का आयोजन होगा।

# शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी करण निषाद 21 साल निवासी मुढीपार थाना का दिसंबर 2024 से नवंबर 2025 तक पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर विभिन्न स्थानों में घुमाने के बहाने ले जाकर शारीरिक शोषण किया है।

0 शादी करने से किया मना

पीड़िता द्वारा शादी करने की बात करने पर आरोपी करण निषाद टालमटोल कर शादी करने से मना करने लगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 69(2) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सेमनी पुलिस की टीम गठित कर आरोपी करण निषाद को तत्काल गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# हाईवे में सड़क हादसा: खड़ी ट्रक में जा टकराया बाइक सवार, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे सर्विस लेन में लापरवाही से खड़ी एक ट्रक में बाइक सवार जा टकराया। जिससे बाइक सवार युवक को गंभीर चोंटे आई थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग 01 बजे नेशनल हाईवे सर्विस लेन एक ट्रांसपोर्ट के पास ट्रक लापरवाही से खड़ी हुई थी। इसी दौरान सीआईटी कॉलेज की ओर से बाइक में सवार होकर शुभम वैष्णव 29 वर्ष निवासी सहदेव नगर उक्त ट्रक से टकरा गया।

### बाइक सवार को गंभीर चोंटे आई थी

पुलिस के अनुसार ट्रक में बाइक टकराने से बाइक सवार उक्त युवक के सिर पर गंभीर चोंटे आई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इधर हाईवे में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। एक दुर्घटना को लोग भूल नहीं पाते और दूसरी घटना की खबर आ जाती है। हाइवे में तेज रफ्तार से भागती वाहनों के चलते भी लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही है। खासकर रात के समय अंधेरा होने की वजह से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।




# दो पहिया वाहन से शराब की अवैध तस्करी, पांच कोचियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के 5 मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल अपने स्टाफ के साथ अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, शराब कोचियों, तस्करों पर निगरानी रखने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों, सट्टोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमारों, चाकूबाजों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

### आरोपियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को मुखबीर सूचना पर आरोपी डोमेश्वर सिन्हा 38 वर्ष निवासी मुदगांव को ग्राम कुरुभाठ प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास हनुमान मंदिर के सामने रोड पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 40 पाव अंग्रेजी शराब व होंडा एक्टिवा जब्त किया गया। नेहरू कॉलेज के पास मंदिर जाने वाले रोड पर दो व्यक्तियों को मोटर साइकिल से अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी तोषणराम वर्मा 32 वर्ष व संगलूराम पनडोरा 46 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मुंडेरी से 32 पाव अंग्रेजी शराब, ग्राम कुरुभाठ रोड मोड़ के पास आरोपी सुमन विश्वकर्मा 35 वर्ष निवासी ग्राम मेढ़ा



से 29 पाव अंग्रेजी शराब। इसी तरह ग्राम कुरुभाठ जाने वाले रोड पर दो आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपी घनश्याम यादव 30 वर्ष निवासी तुमड़ीबोड़ व राजू नेताम 23 वर्ष से 30 पाव सीजी अंग्रेजी शराब, छिरपानी सुलभ शौचालय डोंगरगढ़ के पास आरोपी कौशल साहू 35 वर्ष निवासी ग्राम भोथल से 10 पाव सीजी अंग्रेजी शराब बरामद कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### अंचल में तापमान 10 डिग्री से नीचे, दिन में भी छाए रहे बादल

# शीतलहर अलर्ट के बीच तापमान में वृद्धि की संभावना, अगले सप्ताह फिर से लुढ़केगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तरी दिशाओं से आ रही ठंडी हवाओं के चलते अंचल में ठंड से राहत मिलती हुई नजर नहीं आ रही है। आलम यह है कि पिछले एक सप्ताह से अंचल का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे ही बना हुआ है। शनिवार को जिले का अधिकतम पारा 28 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर रहा। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री का इजाफा हो सकता है, लेकिन उसके बाद वापस तापमान में गिरावट का ट्रेंड शुरू हो जाएगा।

हिमालय से आ रही ठंडी हवाओं ने छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ा दी है। सूरज ढलते ही अचानक तापमान गिरने का असर लोगों की सेहत पर भी हो रहा है। मध्य छत्तीसगढ़ में आज कई इलाकों में शीतलहर चल सकती है। विभाग ने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, दुर्ग, बालोद, कबीरधाम, बेमेतरा और रायपुर इन 8 जिलों में शीतलहर चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 29.2°C दुर्ग में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.5°C अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं अगले दो दिन तक इसमें कोई बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

### खास बातें

- रात का पारा पहुंचा 9 डिग्री
- अगले तीन दिनों में तीन डिग्री तक चढ़ेगा तापमान
- अगले गुरुवार से फिर तापमान में कमी आने की जताई संभावना



## खबर संक्षेप

### मानस गान सम्मेलन 13 और 14 को

**तुमडीबोड़।** भगत युवा संगठन तथा ग्रामवासियों के सहयोग से मानस गान सम्मेलन का आयोजन आगामी 13 और 14 जनवरी को रखा गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की 16 सर्वाधिक लोकप्रिय मानस मंडलियों प्रस्तुति देंगी। आयोजक भगत युवा संगठन एवं ग्रामवासियों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### नि:शुल्क साइकिल का वितरण

**कल्याणपुर।** स्थानीय शासकीय हाईस्कूल में गत दिनों साइकिल वितरण किया गया। स्कूल की पात्र 24 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, सरपंच चंपाबाई कंवर, उपसरपंच ईमला केफूले, प्राचार्य नरेश वर्मा ने साइकिल प्रदान किया। इस अवसर पर श्री कोडापे ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया। प्राचार्य द्वारा छात्राओं को नियमित स्कूल आने एवं कठिन परिश्रम करने के लिए मार्गदर्शन दिया।



### कविराजटोला मंड़ई 24 को

**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम कविराज टोलागांव में आगामी 24 जनवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में राधा कृष्ण लोक कला मंच नाच पार्टी दुर्रे बंजारी का कार्यक्रम होगा। निषाद समाज के जिला उपाध्यक्ष लोकेश निषाद ने आसपास के ग्रामीणों ने शामिल होने की अपील की है।

### विशुद्धसागर महाराज का मंगल प्रवेश 12 को



**डोंगरगढ़।** 108 पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज ससंघ का 12 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे धर्म नगरी में भव्य मंगल प्रवेश होगा। श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन ने सभी साधर्मी बंधुओं से स्टेडियम के पास पहुचकर अगवानी में सम्मिलित होने की अपील की है। यहां से शोभायात्रा कचहरी चौक, भगतसिंह चौक होते हुए श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचेगी। जैन भवन में मंगल प्रवचन होंगे। विशुद्धसागर महाराज ससंघ चंद्रगिरी तीर्थ जाकर 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के समाधि स्थली के दर्शन करेंगे।

### भागवत कथा का आयोजन

**डोंगरगढ़।** एलबी नगर तहसील साहू संघ के सचिव खिलेश कुमार साहू के तत्वावधान में श्रीमद भागवत कथा का आध्यात्मिक आयोजन किया गया। बाल व्यास तिलेन्द्र महाराज ने श्री मद भागवत के दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्ति, धर्म, कर्म और मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु शामिल हुए।



### डुंडेरा में रामायण सम्मेलन 13 से

**डोंगरगढ़।** डुंडेरा में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। यह सम्मेलन 13 एवं 14 जनवरी को होगा। आगामी 15 जनवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में आटरा भक्कुरा के नाच का मंचन होगा।

### चिचोला में मंड़ई मेला 13 को

**डोंगरगढ़।** चिचोला में 13 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में पुनम तिवारी को रंग छत्तीसगढी कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव भरत वर्मा, महापौर मधुसुधन यादव, कोमलसिंह राजपुत शामिल होंगे।

### प्रदेश संयोजक बने विजेन्द्र सिंह



**डोंगरगढ़।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ने विभिन्न प्रकल्पों के संयोजक एवं सह-संयोजकों की घोषणा की है। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ता विजेन्द्र सिंह ठाकुर को विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजी रामजी) प्रकल्प का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। वह पूर्व में भाजपा शहर मंडल महामंत्री, युवा मोर्चा महामंत्री, छुरिया मंडल प्रभारी, भाजपा जिला मंत्री, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष तथा डोंगरगढ़ विधानसभा मीडिया प्रभारी जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं। अनुभव और संगठनात्मक कार्यशैली को देखते हुए उन्हें इस प्रकल्प की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

### लक्ष्य स्कूल में वार्षिकोत्सव 12 को

**अंबागढ़ चौकी।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव रखा गया है। प्राचार्य अंजली साहू ने बताया कि वार्षिक उत्सव में प्रतिभा व उपलब्धियो का संगम होगा। समारोह में जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक संजीव शाह करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, गुलाब गोस्वामी, पवन गुप्ता, विमल यादव मौजूद रहेंगे। स्कूल संचालक सदस्य राहुल ताम्रकार, विपुल खंडेलवाल, शशांक खंडेलवाल ने नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

### शिक्षकों को पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य और नवीन पुस्तकों की अवधारणाओं को लेकर स्वामी आत्मानंद स्कूल में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 13 संकुलों की प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण एफएलएन पर आधारित था। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रतिदिन विधिवत माँ शारदे की पूजा अर्चना से हुआ। मास्टर ट्रेनर्स मदन मंडावी ने पर्यावरण, खेल, योग, कला शिक्षा एवं नवा जतन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। समग्र शिक्षा और बच्चों की सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा किया गया। मास्टर ट्रेनर्स लक्ष्मी देवांगन ने भाषा शिक्षा के क्षेत्र में फोर ब्लॉक मॉडल, मूल्यांकन ट्रैकर, सतत एवं सावधिक आकलन को समझाया। मास्टर ट्रेनर्स करण माधवानी ने गणित एवं अंग्रेजी में विद्यार्थियों के स्तर को मजबूत करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के व्यवस्थापक मनीष श्रीवास्तव व जोन प्रभारी प्रमोद दास सिदार थे। प्रशिक्षण के दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा, बीआरसी सुरेश सहारे, डाइट खैरागढ़ के मकसूद अली, अंतिम दिवस राजेश्वर यादव ने निरीक्षण किया। समापन अवसर पर चन्द्रिका प्रसाद यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



---

चकनार की घटना से अंचल के ग्रामीण स्तब्ध

# आगजनी से सब कुछ खाक संकट में आया गरीब परिवार

## आवास योजना की राशि भी जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

चकनार में बीती रात एक ग्रामीण के घर में भीषण आगजनी की घटना ने ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया है। आग बुझने के बाद बर्बादी का मंजर स्पष्ट नजर आ रहा है।

आगजनी के बाद प्रभावित परिवार सड़क पर आ गया है। घर में रखा सभी समान जल कर राख हो गया। शनिवार को राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार किया।

ज्ञात हो कि शनिवार चकनार के वार्ड 13 निवासी संतोष मरकाम के कच्चा मकान में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कच्चा मकान होने के कारण आग तेजी से फ़ैल गई । आग घर के मुख्य दरवाजा में लगने के कारण घर में मौजूद लोग जैसे तैसे बाहर निकल कर अपनी जान बचा पाए परन्तु घर में रखा पैसा, पर्चा, जरूरी समान जलकर राख में बदल गया। पूरी रात परिजनों ने दूसरे के घर आश्रय लिया।



### लाखों की क्षति

आगजनी से लाखों की क्षति होना बताया जा रहा है। ग्रामीण रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करता है। आवास बनाने की स्वीकृति भी मिल गई है। जानकारी मुताबिक इस आगजनी में आवास बनाने मिले 80 हजार, चांदी की पायल, सोने की पत्ती, जमीन का पर्चा, सभी के आधार कार्ड, अनाज, आदि जलकर राख हो गए हैं। इस आगजनी से बच्चों को भी काफी नुकसान हुआ है। प्रार्थी संतोष की बेटी दसवीं तथा बेटा नवमी पढ़ता है जिनकी कापी पुस्तक एवं अन्य जरूरी सामान जल गए है। अगले माह से बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है जिससे उनके सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

### सरकारी भवन में आश्रय

सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने आवास बनने तक के लिए पीडित परिवार के लिए सरकारी भवन में व्यवस्था कराया है। अनाज आदि वस्तुओं की भी व्यवस्था की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जनपद सदस्य डोमार सिंह, संगीता अंजू जंघेल, वंदना पटेल ने मौके पर पहुंचकर प्रभावितजनों से मुलाकात की और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

---

# बकाया कर अदा नहीं किया तो होगी संपत्ति कुर्क

- 50 बड़े बकायेदारों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नगर पंचायत ने वर्षों से राजस्व कारों का भुगतान नहीं करने वाले 50 बकायादारों को नोटिस जारी किया है। बकायादारों को 15 दिन की मोहलत देते हुए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 164 की उप धारा 3 के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप में डिमांड नोटिस दिया गया। बकाया करदाताओं को 3 माह पहले बिल दिया गया था जिसका भुगतान नहीं किया है । जानकारी के अनुसार 50 करदाताओं से नगर पंचायत को 16 लाख 96 हजार प्राप्त होना है। अधिकतम 1 बकाया करदाता से 174486 रूपए लेना है। न्यूनतम बकाया 22312 रूपए है। नगर पंचायत ने कहा है कि बकायादारों ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो तय समय सीमा के बाद वसूली के लिए कुर्की वारंट प्राप्त कर संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## भाषण प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 10 जनवरी को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य ने हिंदी की महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा हिंदी हमारी लोकप्रिय भाषा है जिसे आसानी से समझा और बोला जा सकता है। हिंदी के महत्व को स्पष्ट करने का भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खुशबू देवांगन, भावना निषाद, गीतांजलि साहू,गोवर्धन निर्मलकर आदि ने भाग लिया। स्पर्धा में प्रथम स्थान खुशबू देवांगन तथा द्वितीय स्थान गीतांजलि साहू ने प्राप्त किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ काव्या जैन ने हिंदी कविता का आवाज दिया। चंद्रकांत कुंभकार ने अधिक से अधिक हिंदी का उपयोग कर विश्व स्तर पर पहचान दिलाने पर जोर दिया। इसी कड़ी में डॉ. हेमलता विरदी हिंदी की समृद्धिशाली परंपरा को रेखांकित किया। लव कुमार वर्मा, ओमप्रकाश सहारे ने हिंदी को दिलों और सहज अभिव्यक्ति की भाषा बताया। इस अवसर पर योगिता ठाकुर, चांदनी पराते, डॉ संजू सिंह तथा खेलन साहू उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभाग शिक्षिका शुभि जैन ने किया।



---

# बनते ही उखड़ रही सड़कें सांसद से हुई शिकायत



**डोंगरगढ़।** नगर में लाखों की लागत से सडक निर्माण शुरू हुआ है। निर्माण बिना अधिकारी इंजिनियर की देख रेख में अंधेरे में किया जा रहा है। हाल में रेल्वे चौक, नाला के नीचे भगत सिंग चौक, डोंगरगढ़ थाना के पीछे, इंदिरा नगर में सडक निर्माण किया गया है। ठेकेदार ने रात को निर्माण करा दिया हैं। सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। उन्होंने नगर पालिका के साथ रेल्वे विभाग के माध्यम से रेल्वे कालोनी में कराए जा रहे डामरीकरण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पिछले 6 माह से रेल्वे चौक से केंद्रीय विद्यालय तक डामरीकरण की स्वीकृति हुई थी। लगभग 6 सौ मीटर सडक में कई जगह दरारे आ गई है। कई जगह डामर उखड़ने लगा है। रेल्वे व्यापारी चौक के पास से तो रात में बनी सडक सुबह वाहन चलने से खराब हो गई है। व्यापारियों की नाराजगी के बाद श्री हत्थेल ने सांसद संतोष पांडे से इस मामले में बात की।

---

# मजदूरों का हक छीन रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

- केन्द्र सरकार पर बरसे विधायक दलेश्वर साहू

ब्लाक मुख्यालय में विधायक दलेश्वर साहू ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पत्रकार वार्ता लेकर केन्द्र सरकार पर कडे प्रहार किए। भाजपा सरकार को गांव, गरीब, मजूदर, किसान व बेरोजगारो की विरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार ने मनरेगा का नाम ही नही बदला बल्कि उसके स्वरूप को बदल कर मजदूरो से अधिकार छीन लिया है।

कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पार्टी से नियुक्त प्रभारी और कांग्रेस विधायक साहू ने कहा की भाजपा महात्मा गांधी का कितना सम्मान करती है और उनके विचारो पर चलती है यह मनरेगा का नाम बदलकर लाई गई वी.बी.राम जी योजना से पता चल गया है। उन्होंने बताया कि 2006 में यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार देने वाला कानून बनाया था। इस कानून से मजदूरो को काम पाने का कानूनी अधिकार मिला था। योजना से लोगो के जीवन में खुशहाली आई थी लेकिन केन्द्र सरकार ने न केवल नाम बदला बल्कि मजदूरो का अधिकार भी छीन लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को गांधी परिवार के प्रति इतनी वैमनस्यता है कि मनरेगा का नाम परिवर्तन करके राष्ट्रपिता के सम्मान का भी ध्यान नहीं रखा गया।



### पंचायतों की शक्ति घटी, ठेकेदारों को लाभ

उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों को विभिन्न कार्यों में मजदूरो को नियोजित करने का अधिकार था। योजना और प्रस्ताव पंचायतें एवं ग्राम सभा तय करती थी लेकिन अब इसके स्वरूप को बदलकर ग्राम पंचायतो को बडा झटका दिया गया है। अब सब कुछ दिल्ली से तय होगा। नई योजना से ठेकेदारी प्रथा को बढावा दिया जा रहा है जबकि पूर्व में ठेकेदारी पर प्रतिबंध था।

### राज्य सरकार पर बढ़ेगा बोझ

विधायक साहू ने कहा कि मनरेगा का स्वरूप बदलने का सीधा असर राज्य की सरकारो पर पड रहा है। उन्होंने बताया कि मनरेगा से 100 प्रतिशत मजदूरी भुगतान केन्द्र सरकार करते रही है लेकिन अब राज्य सरकारो पर 40 प्रतिशत मजदूरी भुगतान राज्य की सरकार को करना होगा जिससे राज्य की सरकारो पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढेगा। विधायक श्री साहू ने कहा की आर्थिक तंगी के चलते राज्य ज्कार अपनी योजनाओं पर क्रियान्वयन नही कर पा रही है तब नई योजना का संचालन कैसे किया जाएगा।

---

# खरीदी केन्द्रों से नहीं हो रहा धान का उठाव

**डोंगरगढ़।** क्षेत्र के धान खरीदी केंन्द्रो में जमकर धान की आवक हो रही है लेकिन उठाव की स्थिति खराब है। रामाटोला, झिंझारी, मडियान, चारभाटा, बागरेकसा, कनेरी, लालबहादुर नगर, बोरतलाव, रेंगाकठेरा, मुडपार, बेलगांव, ढारा, मोहारा में धान का उठाव नहीं होने से जाम की शिकायत मिल रही है। धान उठाव समय पर नहीं हुआ तो आगे खरीदी प्रभावित हो सकती है। समिति प्रबंधको ने बताया कि उठाव के लिए डीईओ तो कट रहा है लेकिन समय पर उठाव नही हो रहा हैं जिससे आनेवाले समय में धान खरीदी नहीं हो पाएगी।



---

# राम के स्मरण से मिलती है सदगति

**एलबी नगर।** ग्राम मक्काटोला में श्री राम कथा का आयोजन किया गया। राम कथा में आंचलिक प्रमुख मंडलियों ने राम कथा का वाचन कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने शामिल होकर राम कथा का रसपान किया। इस मौके पर श्री गांधी ने भगवान श्रीराम और भगवान शिव के आपसी संबंध पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम, भगवान शिव के आराध्य देव हैं। शिव केवल राम नाम के उच्चारण मात्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं। पापी व्यक्ति भी सच्चे मन से राम का स्मरण करे तो सद्गति प्राप्त हो सकती है। इस दौरान रमजान बडगुजर, शेख निजामुद्दीन, तोरणलाल, रूपेश साहू, भवभूति साहू, धीरज सिन्हा, सुरेंद्र, अंगद राम, अर्जुनपुरी, गौतमलाल, महाराराम, सेवाराम, सुरेंद्र साहू, मुकेश कुमार, शेरसिंह राणा आदि उपस्थित थे।



---

विधानसभा की मांग को लेकर अंचल के लोगों ने संघर्ष का लिया संकल्प

# गोलीकांड की बरसी कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

शहीदों की धरती छुईखदान एक बार फिर अपने गौरवशाली इतिहास को दोहराते हुए अधिकारों की लड़ाई के लिए तैयार नजर आ रही है। 1953 में हुए गोलीकांड की 73वीं बरसी पर क्षेत्र में जबरदस्त जनउभार देखने मिला। शहादत दिवस के अवसर पर नगर एवं अंचल के युवाओं ने शहीदों के सम्मान में 5100 दीप प्रज्वलित कर नमन किया। सभी ने संकल्प लिया कि छुईखदान को पुनः विधानसभा का दर्जा दिलाए बिना आंदोलन थमेगा नहीं।

दीप प्रज्ज्वलित करने की तैयारी स्कूल की छात्र छात्राएं ने किया था। छात्राओं ने शहीद गार्डन में चारों तरफ दिए से सजाया। बारी बारी से नगरवासी दिए को नमन कर प्रज्ज्वलित किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र छात्राओं ने सहयोग दिया। उल्लेखनीय है कि आज़ादी के बाद तहसील और ट्रेज़री तोड़े जाने के विरोध में शांतिपूर्ण जनआंदोलन हुआ था। जय स्तंभ चौक पर डेरा डालकर नगरवासियों ने प्रशासनिक अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस घटना में नगर के पाँच सपूतों ने अपनी जान कुर्बान दी थी।



### युवा होने लगे एकजुट

शहादत दिवस पर युवाओं की एकजुटता देखते ही बन रही थी। पूरे क्षेत्र से आए युवाओं ने एक स्वर में कहा कि अब चुप रहकर अन्याय सहने का समय खत्म हो चुका है। सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ी जाएगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि छुईखदान क्षेत्र के विकास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बड़ा जनआंदोलन कर मांग को निर्णायक मोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब छुईखदान का ऋण चुकाने अवसर आया है। सभी का कर्तव्य है कि आपसी मतभिन्नता का त्याग कर क्षेत्र और शहर के लिए संघर्ष करें। शहीद बैकुंठ प्रसाद तिवारी के पौत्र यशवंत तिवारी ने भावुक होकर कहा कि आज तक उनके परिवार को वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वह अधिकारी थे, लेकिन युवाओं द्वारा दिया गया सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है।

### सड़क पर आने का आव्हान

कार्यक्रम के संयोजक छोटे राजा देवराज किशोर दास ने कहा कि अब घर बैठने से कुछ नहीं होने वाला। अधिकारों के लिए सड़क पर आना होगा। यह शुरुआत है छुईखदान के विकास की। उन्होंने बताया कि छुईखदान के साथ साल्हेवारा, बकरकट्टा, ठाकुरटोला, बुंदेली, उदयपुर और गंडई क्षेत्र मजबूती से आंदोलन के साथ खड़े हैं। बिलासपुर से पहुंचे स्व. भूलिन बाई महोबिया के सुपुत्र बलदाऊ महोबिया ने नम आंखों से बताया कि घटना के समय वह मात्र तीन वर्ष के थे। 9 जनवरी 1953 को उनकी माता को तीन गोलियाँ मारकर शहीद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि 73 वर्ष बाद भी उनकी मातृभूमि विकास के लिए तड़प रही है, और यही पीड़ा उन्हें आज भी भीतर से झकझोरती है।

### विस का दर्जा मिलना चाहिए

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल सांखला ने पृथक विधान सभा क्षेत्र के निर्माण को सारी समस्याओ का हल बताया है।समाज सेवी सुधीर जैन ने बताया कि आगामी समय में विधानसभा क्षेत्र की संख्या मे वृद्धि करने के संकेत मिल रहे है ऐसे में छुईखदान को पृथक विधान सभा का दर्जा देकर समस्या का स्थायी हल निकाला जा सकता है। क्षेत्र के रोहित पुलस्त्य ने एकता के साथ संघर्ष करने की बात कही। कार्यक्रम को गुलशन तिवारी, नवनीत जैन, पूर्व विधायक जंघेल ने भी संबोधित किया। संचालन सज्जाक खान ने किया। कार्यक्रम में गिरिराज किशोर दास, छोटे राजा देवराज किशोर दास, शांतिलाल जैन, सुधीर जैन, रोहित पुलस्त्य, किरण वैष्णव, लाल जितेंद्र किशोर दास, रमेश दाऊ, मुकेश वैष्णव, दिवाकर महोबिया, सज्जाक खान, संजय जैन, गोलू जैन, गोलू कोचर, विक्रांत चंद्राकर, उमाकांत महोबिया, भीमु सोनी, अनिमेष महोबिया, यशवंत बाघमार, भीम महोबिया, मधुकर महोबिया, महावीर सांखला, संजय शर्मा, दीपक देशमुख, सन्नी महोबिया, शैया वैष्णव, किरण वैष्णव, आलोक यादव, शैलेन्द्र तिवारी, अनुभा संजय जैन, घनाराम देवांगन, महेश नारकर, संजू नेताम, गिरीश सेन, नंदकुमार भट्ट, मधुमंगल सिंह, विक्रांत चंद्राकर, शुभम चंद्राकर, शुभम विश्वास, संजय तिवारी, हेमंत वैष्णव, दीपक वैष्णव, मनीष कोचर, पन्ना मंडावी, प्रकाश महोबिया, चंद्रेश कुंभकार, घना देवांगन, प्रेम, नवनीत जैन, भावेश कोचर, प्रदीप श्रीवास्तव, दिलीप वैष्णव, प्रेम श्रीवास, टिक्कू दादा, संदीप जैन, मनिक श्रीवास, ज्ञान यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### भुवनेश्वर को मिली भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा किसान संगठन किसान मोर्चा ने लंबे समय



से जमीनी स्तर पर सक्रिय, संघर्षशील और संगठननिष्ठ नेता भुवनेश्वर चंद्राकर को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति केवल संगठनात्मक फेरबदल नहीं, बल्कि उस नेतृत्व को आगे बढ़ाने का संकेत है, जिसने वर्षों तक किसान मुद्दों को प्राथमिकता दी और विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन की आवाज को कमजोर नहीं पड़ने दिया। भुवनेश्वर चंद्राकर की पहचान ऐसे नेता के रूप में बनी है, जो पद से अधिक अपने काम, व्यवहार और निरंतर सक्रियता से पहचाने जाते हैं। पंचायत स्तर की राजनीति से शुरू हुआ उनका सफर आज प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी तक पहुंचा है। इस पूरे सफर में उनका जुड़ाव गांव, किसान और सहकारिता से कभी कमजोर नहीं पड़ा। संगठन के भीतर उन्हें एक संतुलित, भरोसेमंद और जमीन से जुड़े नेतृत्व के रूप में देखा जाता है। प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद भुवनेश्वर चंद्राकर ने प्रदेश और जिले के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस भरोसे के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, वह उसके प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं और किसानों के हितों के लिए और अधिक मजबूती से काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उनका कहना है कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ किसानों की सेवा का अवसर भी है, जिसे वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। वहीं भाजपा किसान मोर्चा की उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की गई।

### हेमचंद विवि ने रोके गए परीक्षा परिणाम जारी किया

**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इसमें सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षा 2020, 2022, 2023 व 2024 के परीक्षा परिणाम घोषणा-उपरांत विभिन्न परीक्षा के छात्र छात्राओं के रोके गए, रुके हुए परिणाम शामिल है।

# क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि के लिए श्रद्धालुओं ने की यज्ञ स्थल की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में श्री लक्ष्मी नारायण एवं भगवान भूत भावन महादेव की कृपा से दिव्य पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन 7 से 15 जनवरी तक किया जा रहा है। यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। महायज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर अपने घर-परिवार एवं ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि व मंगलकामना की प्रार्थना कर रहे हैं। यज्ञ में विद्वान पंडितों द्वारा वेद-पुराणों के मंत्रोच्चार के साथ विधिवत आहुतियां दी जा रही हैं। ग्राम मोहतरा कला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण है। श्रद्धालुओं का कहना है कि पूरा गांव मानो वृंदावन धाम जैसा प्रतीत हो रहा है। इस पावन आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 108 श्री वल्लभाचार्य महाराज (अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश), महंत रसी केश्वर दास महाराज (खजुहा धाम, रीवा, मध्य प्रदेश) तथा अनंत विभूषित पंचरसाचार्य प्रेमावतार स्वामी श्रीमद् राम हर्षण दास महाराज का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। यज्ञाचार्य एवं मंच संचालन की जिम्मेदारी मेघानंद शास्त्री कर्मकांडी, ग्राम चिल्हाटी द्वारा निभाई जा रही है। महायज्ञ के मुख्य यजमान श्रीमती कंचन लता एवं प्रहलाद तिवारी हैं। सहायक यजमान के रूप में श्रीमती भगवती राम अवतार चंद्रवंशी, श्रीमती ललती जयराम चंद्रवंशी, श्रीमती गीता द्वारिका चंद्रवंशी, श्रीमती विमला ईश्वरी यादव एवं श्रीमती प्यारी आजू राम साहू सहभागी हैं। ग्राम आचार्य के रूप में राधेलाल शर्मा (ग्राम कंझेटा) सेवाएं दे रहे हैं। आयोजन के दौरान प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक संगीतमय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन भोजन प्रसाद भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।



**नौका विहार बना विशेष आकर्षण का केन्द्र**

महायज्ञ स्थल के समीप स्थित नदी में महादेव घाट रायपुर की तर्ज पर आकर्षक नौका विहार की व्यवस्था की गई है। नौका विहार के दौरान सीताराम भजनों की मधुर ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना रही है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

**मांग:** ग्रामीणों ने प्रशासन से की सख्त कार्वाई की मांग

# बुनियादी मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित बीजाझोरी के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी में मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित इस ग्राम के ग्रामीण लंबे समय से जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों एवं शासकीय अधिकारियों से गुहार लगाते आ रहे हैं, बावजूद इसके समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। जिस पर ग्रामवासी घनाराम यादव, बबला चंद्रवंशी, हेमंत साहू, महेंद्र चंद्रवंशी, जगमोहन धुर्वे एवं गयाराम साहू सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

जिस पर ग्रामीणों की प्रमुख समस्याएं जैसे तालाब तक जाने का मार्ग दलदल युक्त, पक्की सड़क की आवश्यकता, मुक्तिधाम शेड लगभग 4 वर्षों से आधा-अधूरा, जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी पानी टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई, बस्ती के अंदर डब्ल्यूबीएम सड़क पर सेवक साहू के घर के पास पुल-पुलिया की आवश्यकता लगभग 25 वर्ष पुराना मंगल भवन जर्जर अवस्था में, नए सामाजिक भवन की मांग, आंगनबाड़ी के पास सार्वजनिक शौचालय की आवश्यकता, मुख्य मार्ग से बस्ती तक पक्की सड़क व पक्की नाली का अभाव व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा तालाब के लिए कराया गया बोर खनन महीनों से खराब, जिससे तालाब में पानी की कमी और गंदगी बढ़ गई है, पंचायत प्रतिनिधियों की लापरवाही से तालाब उपयोग लायक नहीं, पशु-पक्षी व ग्रामीण पानी के लिए भटकने को मजबूर, मुक्तिधाम के पास नरवा में स्टॉपडेम हेतु लाया गया पुल अब तक नहीं बन पाया व ग्राम बीजाझोरी-नाउडीह खार मार्ग पर किसानों द्वारा निजी खर्च से दान की गई जमीन के बावजूद धरसा मार्ग पर बजरी डालने की जरूरत की मांग कि गई ताकि गन्ना फसल लाने में हो रही परेशानी दूर हो तथा भरत साहू के घर से सखरू धुर्वे एवं तुका वर्मा के खेत तक मार्ग की स्थिति बदहाल है।





**आम नागरिकों तथा रहवासियों का जनजीवन प्रभावित**

ग्रामीणों का कहना है कि समस्याओं के समाधान में हो रही देरी के कारण आम नागरिकों तथा जनजीवन प्रभावित हो रहा है और ग्रामीण कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि शीघ्र ध्यान देकर गांव में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोकतंत्र की जनता को उसका अधिकार मिल सके।

# मन का संसार में बंध जाना ही बंधन है: दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानन्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पूज्य दंडी स्वामी सपाद लक्ष्यश्वर धाम, सलधा के तत्वाधान में ग्राम रूसे में चंद्रवंशी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास के रूप में पूज्य दंडी स्वामी श्रीमद् ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती महाराज भक्तों को श्रीमद् भागवत की अमृतमयी कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के दौरान प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्जुन तिवारी ग्राम रूसे पहुंचे। जहां उन्होंने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा बैठकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया।

कथा प्रवचन माला के षष्ठम दिवस के प्रसंग में महाराज ने कहा कि जब जीव अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को सुधारते हुए निरंतर ईश्वर का स्मरण करता है, तब उसका अंतिम समय भी मंगलमय हो जाता है और उसे महाप्रयाण पद की सहज प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में बंधन और मुक्ति का मूल कारण मन है-मन का संसार में बंध जाना ही बंधन है और संसार में रहते हुए भी उससे मुक्त रहना ही सच्ची मुक्ति है।

इस पावन श्रीमद् भागवत कथा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित होकर कथा गंगा में गोता लगाकर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं। उक्त जानकारी आचार्य प्रशांत शर्मा द्वारा दी गई। इस अवसर पर अर्जुन तिवारी, श्याम कश्यप, शंकर चंद्रवंशी, बैजू चंद्रवंशी, राजू चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, राजेश चंद्रवंशी एवं दिनेश पांडेय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थें।

### तामेश्वर जायसवाल को मिली वनस्पति विज्ञान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय डॉक्टरेट की उपाधि

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के छोटे से गांव गुढ़ा से निकलकर शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल करते हुए तामेश्वर प्रसाद जायसवाल



को प्रतिष्ठित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के 105वें दीक्षांत समारोह में वनस्पति विज्ञान विषय में डॉक्टर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ जायसवाल का शोध कार्य मुख्य रूप से तातापानी, बलरामपुर, छत्तीसगढ़ के गर्म जलस्रोतों से प्राप्त सायनोबैक्टीरिया (नील-हरित शैवाल) के वैज्ञानिक अध्ययन पर केंद्रित रहा। उनके शोध में इन जीवों की टैक्सोनॉमिक पहचान, शारीरिक-क्रियात्मक विशेषताओं के साथ-साथ अपशिष्ट जल के जैव-उपचार एवं एक्सोपॉलीसैकराइड उत्पादन में उनकी उपयोगिता को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित किया गया। उनके शोध की एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि उन्होंने सायनोबैक्टीरिया की तीन नवीन प्रजातियों की खोज की। डॉ श्री जायसवाल का यह सफर विशेष रूप से इसलिए भी प्रेरणादायक है क्योंकि वे एक किसान परिवार से आते हैं। उनके माता-पिता भुनेश्वर-कुंती जायसवाल औपचारिक रूप से अधिक शिक्षित नहीं रहे, फिर भी उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने पुत्र को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्रामीण पृष्ठभूमि, आर्थिक चुनौतियां और सीमित सुविधाओं के बीच कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की। अपनी सफलता पर डॉ जायसवाल ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता के संघर्ष, गुरुओं के मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी जीवन यात्रा छोटे गांवों और साधारण परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह संदेश देती है कि यदि संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

# चलती बसों में आगजनी की बढ़ती घटनाओं पर सख्त रुख




हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फी

देश के विभिन्न राज्यों में हाल के महीनों में चलती यात्री बसों में आग लगने की दर्दनाक घटनाओं ने परिवहन व्यवस्था की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं से सबक लेते हुए यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। परिवहन आयुक्त के स्पष्ट निर्देश पर परिवहन चेक पोस्ट चिल्फी में प्रभारी अतुल तिवारी के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम द्वारा बसों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चिल्फी परिवहन चेक पोस्ट से होकर गुजरने वाली सभी यात्री बसों की बारीकी से जांच की गई। जांच में बसों में मानक आपातकालीन निकास द्वार, अग्निशामक यंत्र तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपायों की उपलब्धता को प्राथमिकता के साथ परखा गया। 14 बसों में मिलीं गंभीर खामियां पर 10 हजार की चालानी कार्यवाही व जांच के दौरान 14 बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई गई। अग्निशामक यंत्र नहीं रखने और मानक आपातकालीन निकास द्वार की व्यवस्था नहीं होने पर इन बसों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 10 हजार की राजस्व वसूली की गई।

**चिल्फी परिवहन चेक पोस्ट पर सुरक्षा जांच, चालक-परिचालक को दी गई सख्त समझाइश**

प्रवर्तन टीम ने मौके पर ही बस चालकों, परिचालकों एवं बस ऑपरेटरों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की कड़ी हिदायत दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। साथ ही साथ यात्रियों को भी जन जागरूक किया गया। अभियान के दौरान बसों में सवार यात्रियों को भी आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकलने के उपायों की जानकारी दी गई। आपातकालीन निकास द्वार के उपयोग और अग्निशामक यंत्र से प्रारंभिक आग पर काबू पाने के तरीकों को सरल भाषा में समझाया गया।

### इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में कबीरधाम प्राईवेट स्कूल संघ के तत्वाधान में इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 10 व 11 जनवरी तक किया गया है, जिसमें नगर के श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर एवं रामकृष्ण पब्लिक स्कूल रवेली कुल आठ टीम सम्मिलित हुए है। वहीं उद्घाटन समारोह में कबीरधाम प्राईवेट स्कूल संघ पदाधिकारी राज्य के प्रांत उपाध्यक्ष पवन देवांगन, जिलाध्यक्ष डॉ अश्वनी श्रीवास, जिला सीबीएसई स्कूल के अध्यक्ष आदित्य चंद्रवंशी, कवर्धा शहर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, जिला सचिव लक्ष्मण चंद्रवंशी, जिला संरक्षक सपन चोपड़ा, जिला सहसचिव लोमश चंद्रवंशी, सदस्य कुंज बिहारी के उपस्थिति भव्य शुभारंभ कराया गया साथ ही जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास ने सभी स्कूलों से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दिए और कवर्धा शहर में यह प्रथम बार प्राइवेट स्कूल के बच्चों के लिए टेनिस बॉल क्रिकेट खेल का आयोजन गया है, जिसमें सभी खिलाड़ियों को एक अच्छा प्लेटफार्म दिन का कार्य किए है और उनके हुनर को निखारने का यह प्रयास किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस चार मैच खेला गया, जिसमे पहला मैच श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा विरुद्ध आदर्श विद्या मंदिर के बीच खेला गया, जिसमे आरपीएस के टीम ने बैटिंग करते हुए 7 ओवर के मैच में 110 रन का एक बड़ा लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए आदर्श विद्या मंदिर के टीम ने मात्र 48 रन ही बना पाए और आरपीएस की टीम ने यह अपने नाम किया। दूसरा मैच अशोका पब्लिक स्कूल विरुद्ध संस्कार पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, इसमें अशोका स्कूल की टीम ने 138 का रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें संस्कार स्कूल की टीम ने मात्र 90 रन ही बना पाए तथा तीसरा मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल विरुद्ध रामकृष्ण पब्लिक स्कूल रवेली के बीच खेला गया, इसमें रवेली की टीम ने 81 रन का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए डीपीएस की टीम ने 84 रन बनाकर इस मैच को अपने नाम किया। वहीं चौथा मैच गुरुकुल पब्लिक स्कूल विरुद्ध अभ्युदय स्कूल के बीच खेला गया जो बहुत रोमांच भरा रहा गुरुकुल की टीम ने बैटिंग करते हुए 110 रन का लक्ष्य दिया परन्तु अभ्युदय की टीम ने मात्र 100 रन ही बना पाए और हार का सामना करना पड़ा। वहीं पहला सेमीफाइनल मैच श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा विरुद्ध दिल्ली पब्लिक स्कूल के बीच सुबह 9 बजे खेला जाएगा, वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच अशोका पब्लिक स्कूल विरुद्ध गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बीच खेला जाएगा। वहीं इन चारों मैच में मेन ऑफ द मैच आरपीएस से आशीष, अशोका स्कूल से वासुदेव वैष्णव, डीपीएस से गिवेश और अभ्युदय से युवराज को दिया गया, जिन्होंने अपने टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**सार्वजनिक जगहों, गलियों, तालाबों, पचरी, नलकूपों की साफ सफाई कर जन-जागरूकता किया**

# बारदी में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर स्थित महंत श्री रामजानकी शरणदास वैष्णव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बारदी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ एस के श्रीवास के निर्देशानुसार एवं बृजभूषण वर्मा (रासेयो कार्यक्रम अधिकारी) के मार्गदर्शन में 50 स्वयंसेवकों के साथ 01 से 7 जनवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिस पर मुख्य थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवाओं का योगदान पर विशेष कार्य एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से




जन जागरूकता फैलाई गई। वहीं शिविर में प्रत्येक दिवस बौद्धिक परिचर्चा में अलग-अलग विषयों पर अतिथियों का आगमन हुआ, जिनमें सत्येंद्र चंद्रवंशी (सहायक प्राध्यापक) प्रकाश गिरी गोस्वामी (प्राचार्य), अभिजीत केशरवानी, सानिया प्रमोद साहू, अभिनव केशरवानी, माधवेश केसरी, डॉ विनोद चंद्रवंशी, अवधेश नंदन श्रीवास्तव, आशीष दुबे, कमल कांत नाविक, डॉ के एस परिहार ने विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास को अंगीकृत कर स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्य किए जिनमें ग्राम पंचायत एवं प्राथमिक शाला बारदी की बाउंड्रीवॉल में चित्रकारी एवं साफ-सफाई, नालियों की सफाई कर ढलाई किया गया, गांव के सभी सार्वजनिक जगहों की साफ-सफाई व गलियों की सफाई गांव के तालाबों, पचरी, नलकूपों की सफाई इत्यादि कर कर प्रेरणा गीतों से जन-जागरूकता फैलाई गई साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने ग्रामीणों का मनमोहा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वहीं शिविर के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि घुरुवा राम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष, शिवचरण पटेल, सेवाराम साहू, राजेंद्र चंद्रवंशी, प्रमोद साहू, खेमराज चंद्रवंशी, डॉ एस के श्रीवास ने शिविर द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए । इस दौरान स्वयंसेवकों को गणवेश वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में बृजभूषण वर्मा, डॉ ममता दुबे, डॉ सरस्वती राठौर, सी आर साहू एवं समस्त स्वयंसेवकों की विशेष सहयोग रहा।

# मवेशीबाजार क्षेत्र में मदिरा दुकानों को शिफ्ट करने की तैयारी, भवन तलाश शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित देशी व विदेशी मदिरा दुकानों को मवेशीबाजार क्षेत्र में स्थानांतरित करने की दिशा में आबकारी विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निर्देशानुसार आपत्तिरहित स्थल पर उपयुक्त भवन अथवा भूमि की तलाश की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे ने बताया कि वर्तमान में संचालित दुकानों को नगर पालिका क्षेत्र अथवा उससे लगे सीमावर्ती ग्राम पंचायत क्षेत्र में नियमों के अनुरूप स्थानांतरित करने की तैयारी है। देशी मदिरा दुकान के लिए साज-सज्जा युक्त भवन तथा विदेशी मदिरा दुकान के लिए उपयुक्त भवन-भूमि की खोज जारी है। स्थान उपलब्ध होते ही शिफ्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद अक्सर शराब दुकानों को हटाने की मांग उठती है, इसी को ध्यान में रखते हुए दुकानों को ऐसे क्षेत्र में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है जहां यातायात व कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो।

**विभागीय प्रक्रिया शुरू, स्थान मिलते ही होगा स्थानांतरण**

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे ने बताया कि विभाग द्वारा नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मदिरा दुकानों के लिए भवन अथवा भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है और जैसे ही मवेशीबाजार क्षेत्र में नियमों के अनुरूप उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा, वर्तमान में संचालित दुकानों को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। आबकारी विभाग का मानना है कि मवेशीबाजार क्षेत्र में मदिरा दुकानों के स्थानांतरण से शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों का दबाव कम होगा। साथ ही दुकानों का संचालन अधिक व्यवस्थित होगा, जिससे आम नागरिकों की आपत्तियों में कमी आएगी और प्रशासन को भी निगरानी व नियंत्रण में सुविधा मिलेगी। विभाग की यह पहल भविष्य में मदिरा दुकानों के संचालन को लेकर एक स्पष्ट और संतुलित व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## सार समाचार

### विधायक कुंवर सिंह ने दिलाई शपथ

**राजनांदगांव।** निषाद समाज ने छत्तीसगढ़ में बाल विवाह मुक्त करने संकल्प लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक कुंवरसिंह निषाद ने शपथ दिलाई



तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने बैठक में निर्णय लिया गया। इस संबंध में कलेक्टर जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में रखे गए जिला स्तरीय कार्यशाला 15 दिसंबर 2025 को उपस्थित निषाद समाज के प्रतिनिधि, जिला अंकेक्षक व सचिव ग्राम पंचायत हरिराम निषाद उपस्थित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निषाद समाज प्रदेश संगठन के अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, जिलाध्यक्ष द्रुपत मुन्ना निषाद राजनांदगांव, प्रदेश उपाध्यक्ष बोधीराम निषाद बेमेतरा, महिला उपाध्यक्ष गायत्री कैवर्त कसडोल, महासचिव मनोहर निषाद जगदलपुर, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, सलाहकार सोनीराम निषाद सहित जिला व क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में निषाद बंधु उपस्थित थे।

### आज खेला जाएगा सेफा व फाइनल

**राजनांदगांव।** सीजन-6 अग्रसेन प्रीमियर लीग का सेमीफाइनल एवं फाईनल मैच कल रविवार को खेला जाएगा।



अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अंकुश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल प्रीमियर लीग के सात मैच खेले जा रहे है। जिसमें पहला मैच गोयल दाल मिल ने 61 रन से शानदान जीत अर्जित किया। दूसरा मैच श्याम मार्केटिंग ने 23 रन से जीता। तीसरा मैच धनलक्ष्मी पेपर मिल ने 7 रन से जीता। चौथा मैच प्रिया होजयरी ने 37 रन एवं पांचवा मैच श्री हरि कारगो ने 3 विकेट से जीत दर्ज की। जिसमें मयंक रूगटा की 37 रन की शानदार पारी रही। छठवां मैच श्री राधे मिनरल्स ने जीता। सातवां मैच प्रिया होजयरी ने जीता। उन्होंने बताया कि कल 11 जनवरी को सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच खेला जाएगा। अग्रसेन प्रीमियर लीग 2026 का समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल चेयरमेन सन ग्रुप व अध्यक्षता विनोद लोहिया चेयरमेन लोहिया गुप, समीर पोददार एडी सत्या बिल्डकॉन, संतोष अग्रवाल राधाकृष्ण एजेंसी होंगे।

सेमी फाइनल मैच के प्रयोजक श्री अग्रवाल सभा राजनांदगांव एवं द्वितीय सेमी फाइनल के प्रायोजक अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की महिला विंग है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

### स्वामी रामानंदाचार्य का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव सेवा संघ एवं अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने जगदगुरू स्वामी रामानन्दाचार्य का जन्मोत्सव बाला बाबा मंदिर सोनारपारा में 10 जनवरी को धूमधाम से मनाया। स्वामी रामानन्दाचार्य के तैलचित्र पर लाल जेके वैष्णव ने माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन, पूजा, आरती, भोग लगाने के पश्चात महिला रामायण मंडली का रामायण पाठ का आयोजन सपंन्न हुआ। श्री वैष्णव ने जगदगुरू स्वामी रामानन्दाचार्य जी के जीवन परिचय का विस्तार से जानकारी दिया। अखिल भारतीय पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने जगदगुरू रामानन्दाचार्य के विचारों को अवगत कराया। जन्मोत्सव पर ज्ञानेश्वर वैष्णव, राम वैष्णव, निखिल वैष्णव, माधवदास, जितेन्द्र किशोर वैष्णव, वैभव निर्वाणी, विवेक त्रिपाठी, अनिल, रूपमति निर्वाणी, लतारानी वैष्णव, मौसमी निर्वाणी, रीता, कनकलता, शोभना, मीरा, मधु, शोभा, भारती, सुधा, शैंकी बग्गा, सुरेन्द्र सिंग, विष्णु सिंग, गिरीश परिहार, अनिल श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव, राजू यादव, शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। जानकारी जिला सचिव ज्ञानेश्वर दास वैष्णव ने दी।

### 18 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव में विशाल स्वास्थ्य शिविर में





हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी एमडी डीएम (कार्डियोलॉजी) व महिला रोग विशेषज्ञ एमडी प्रज्ञा सूर्यवंशी, हड्डी एवं जोड़ विशेषज्ञ डॉ. सौरभ खरे एमडी द्वारा 18 जनवरी को लायन सेवा सदन गुरुद्वारा रोड़ राजनांदगांव में निःशुल्क जांच की जाएगी। जिसके प्रभारी डॉ. लायन आनंद वर्गीस हैं।

### मनेरी में मानस एवं लोक कला महोत्सव 12 से

**डोंगरगांव।** ग्राम मनेरी में मकर संक्रांति के अवसर पर आगामी 12 से 14 जनवरी तक मानस एवं लोक कला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस दौरान पंडवानी, जस झांकी, रामधुनी एवं मानस गान की प्रस्तुति होगी। आयोजक समिति के नरेश साहू ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### राजपूत महासभा की बैठक आज

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं.क्र. 1282 का जोन की बैठक कल 11 जनवरी को दोपहर 01 बजे अम्बेडकर भवन नया बस स्टैंड डोंगरगांव में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिहं बैस करेंगे। बैठक में मुख्य विषय महासभा के 62वें महाधिवेशन हेतु तैयारी के संबंध में चर्चा, जोन अंतर्गत आने वाले उपसमितियों से सहयोग राशि के संबंध में चर्चा, संयोजक एवं सह-संयोजक के विषय में चर्चा, अतिथि निर्धारण के संबंध में चर्चा, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा, महासभा के कोषाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी नीरज सिंह क्षत्रिय ने जोन के सभी अध्यक्ष, सचिव, पूर्व महासभा पदाधिकारी तथा उप समिति, सभी पदाधिकारी, वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा मंडल पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम की कार्रवाई जारी

# 12.5 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त, 9 हजार का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए जाने कार्रवाई पर नगर निगम सख्ती बरत रही है और प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करने एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते 3 थोक प्लास्टिक विक्रेताओ सहित 12 दुकानों पर 9 हजार रुपए जुर्माना कर 12.5 किलो पालीथिन जब्त करने की कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कड़े कदम उठा रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम द्वारा भी प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने व्यापारियों से अपील करते कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते कहा कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते जब भी घर से निकले कपड़े का थैला लेकर निकले तथा लोगों को भी इसके लिए समझाईस दें, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।



#### मानव जीवन सहित जीव-जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ मानव जीवन सहित जीव-जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है। नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने प्रतिदिन समझाईस दे रहे हैं। समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की कड़ी में पुराना गंज चौक एवं कामठी लाइन में निगम अमला ने अभियान चलाकर 3 थोक प्लास्टिक विक्रेताओं में कांकरिया, बजाज एवं साई प्लास्टिक के अलावा 12 दुकानों व फल विक्रेताओं पर कार्रवाई कर 9 हजार रुपए जुर्माना वसूल 12 किलो 5 सौ ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।

## नुक्कड नाटक से यातायात नियमों के प्रति जागरूक



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत 11 एवं 12 जनवरी को परिवहन व यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 2 दिवसीय लर्निंग लाईसेंस शिविर का आयोजन किया गया है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुष्पेन्द्र नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात स्टॉफ की उपस्थिति में दिग्विजय कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा कलाकार द्वारा शहर के गंज चौक एवं जयस्तंभ चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शराब सेवन कर वाहन न चलाने, वाहन चलाते मोबाइल पर बात नहीं करने, नाबालिकों को वाहन न देने एवं वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने जागरूक करने का प्रयास किया गया।

#### यातायात शाखा परिसर में शिविर

11 एवं 12 जनवरी 2026 को परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लाईसेंस शिविर का आयोजन यातायात शाखा परिसर में सुबह 10.30 बजे से किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने अपील की गई है। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वीं या 08वीं मार्कशीट या पेनकार्ड, जिसमें जन्मतिथि उल्लेख हो, लोकल आईडी प्रुफ आधारकार्ड या राशनकार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है।

### आज से 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित व स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 संस्कारधानी राजनांदगांव में कल 11 से 15 जनवरी तक खेली जाएगी। इस स्पर्धा में देश के 36 राज्यों व संस्थाओं की टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियों को आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरी कर ली। आयोजन में भाग लेने देश के विभिन्न राज्यों की टीमें नगर में पहुंच चुकी है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधूसुदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम के स्कूल शिक्षा समिति सभापति आलोक श्रोती शामिल रहेंगे।

- 36 टीमें भाग लेने पहुंची शहर, आयोजन की तैयारियां पूरी

### चलावा चौंका-आरती आज

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में कल 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से त्याग वैराग्य तपोनिष्ठ पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य जी, कबीर धर्म स्थान खरसिया छत्तीसगढ़ एवं सदगुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा वाराणसी उत्तरप्रदेश के सानिध्य में चलावा चौंका-आरती एवं भोजन-भंडारा का आयोजन रखा गया है। पेंडरी के अध्यक्ष योगदास साहू ने बताया कि राजस्थान प्रांत से सोजत सिटी के सदगुरु कबीर साहेब के अनन्य भक्त दानवीर योद्धा 104 वर्ष आयु के वयोवृद्ध सतलोकवासी छगनलाल टांक के विगत दिवस सतलोक हंसगमन हो गया है। उनके पुण्य आत्मा को शांति प्रदान के लिए टांक परिवार द्वारा एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में चलावा चौंका-आरती एवं भोजन-भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है।

## बैराज में डूबा युवक, खोजबीन जारी

**चिचोला।** खातूटोला बैराज में मछली पकड़ने जाल डालने गए एक युवक नहर में डूब गया। जिसकी सूचना मिलने पर युवक की खोजबीन जारी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार चिचोला थाना अंतर्गत ग्राम सेंनडोंगर ग्राम पंचायत झिंझारी निवासी सोमनाथ ढीमर पिता मनराखन ढीमर उम्र लगभग 33 से 34 वर्ष जो खातूटोला बैराज में अपने पिता के साथ मछली जाल फंसाने के लिए नहर में ट्यूब के माध्यम से नहर में घुसे थे। कुछ समय बाद जगह में ट्यूब ही दिखा, युवक लापता हो गया तथा कुछ उनके साथी द्वारा घटना की जानकारी गांव में बताया कि सोमनाथ नहर से लापता हो गया है, जो आज सुबह चिचोला थाना पहुंचकर कुछ ग्रामीण सहित व ग्राम के सरपंच द्वारा घटना की जानकारी थाना प्रभारी योगेश पटेल को बताया तथा तुरंत जगह में पहुंचकर प्रभारी द्वारा गोताखोर राजनांदगांव से टीम बुलाया तथा लगातार नहर में खोजबीन में लगा रहा।

गांव के गोताखोर द्वारा भी खोजने का प्रयास किया गया, लेकिन घटना शुक्रवार 5 बजे की है। अभी तक 24 घंटे के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिला है। शाम होने के बाद भी गोताखोर खोजबीन में लगे हुए हैं। मौके पर चिचोला चौकी प्रभारी तैनात रहे। लापता युवक मछली का व्यवसाय करता है, बाकी लापता युवक से घर में एक तरह शोक की लहर दौड़ रही है। जानकारी में पता चला है कि उनके छोटे-छोटे दो बच्चे भी हैं।

## अच्छा सोचो, अच्छा करो-कृष्ण कृपा अवश्य बरसेगी : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

भगवान की भक्ति करने से ही मनुष्य सच्चा भक्त बनता है, जो लोग यह विश्वास रखते हैं कि सब कुछ अच्छा होगा, उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आता है। कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती, बस सोच और कर्म शुद्ध होने चाहिए।

उक्त विचार आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने सतनाम भवन, दुर्ग में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए। कथा के अंतर्गत रुक्मणि विवाह प्रसंग का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है, जिसे सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो रहे हैं।

आचार्य ने बताया कि कृष्ण को पाने के लिए अहंकार का त्याग अनिवार्य है। जब तक मन में अहंकार रहता है, तब तक भक्ति पूर्ण नहीं हो सकती। सच्ची भक्ति वही है, जिसमें समर्पण और विनम्रता हो। कथा श्रवण हेतु दुर्ग में छोटे राजा देवराज किशोर दास का भी आगमन हुआ।



#### भागवत सुनने पहुंच रहे शिष्य भक्तगण

आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री की भागवत कथा दुर्ग में आयोजित भागवत कथा सुनने के लिए उनके शिष्य और भक्त गण कथा स्थान पर पहुंचने लगे है, जिसमें नगर के छोटे राजा देवराज किशोर दास, संजीव दुबे, सुदीप श्रीवास्तव, विजय दुबे, अर्चना दुबे, कविश दुबे, आयश सिंह बोनी, अशोक सिंह सहित छुईखदान खैरागढ़ से शिष्यगण पहुंचने लगे।

### डोंगरगांव क्षेत्र के कोटवारों की ली गई मीटिंग

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव थाना क्षेत्र में कोटवारों की बैठक लेकर कर्तव्यों एवं उपस्थिति के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया।

छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में 9 जनवरी को थाना डोंगरगांव क्षेत्र के निवासरत कोटवारों का थाना डोंगरगांव में मीटिंग लिया गया।

**दिए गए दिशा-निर्देश**

जिसमें थाना क्षेत्र के सभी कोटवार उपस्थित हुए, जिन्हें कोटवारों के कर्तव्यों, उपस्थिति के संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया। जिसमें प्रत्येक ग्राम में मुसाफिरी, अजनबी, डेरा वालों की पंजी तैयार करना व आंगतुकों का विवरण दर्ज किया जाए, जन्म-मृत्यु की घटनाओं की सूचना ग्राम सचिव, कर्मी को नियमित रूप से दिया जाए। चलित थाना के अंतर्गत कार्यक्रम "संवाद" के अंतर्गत सायबर अपराध, यातायात नियम का पालन, शराब सेवन से होने वाले घटना-दुर्घटना के संबंध में जानकारी दिया गया है।

### चिखली में शिव महापुराण 13 से



**राजनांदगांव।** शहर के चिखली वार्डवासियों द्वारा 13 से 20 जनवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। राजमाता मैदान चिखली स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में कथा का आयोजन होगा, जहां श्री प्रेम मंदिर ठेलकाडीह वाले पंडित लोकेश्वरानंद दुबे अपने मुखारविंद से कथा श्रवण करवाएंगे। वहीं कथा पारायणकर्ता पं. अनिल शर्मा धमधा दुर्ग होंगे। शिव महापुराण कथा आयोजन के दौरान 16 जनवरी की रात्रि 8 बजे से श्रीकृष्ण द्वैपायन पंडवानी मंडली आमापारा बालोद की संगीत में प्रस्तुति होगी। जिसमें दुष्यंत द्विवेदी सुमधुर गीतों के साथ प्रस्तुति देंगे।




## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर कार्यकर्ताओं ने देउर मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आह्वान एवं जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में शनिवार को गंडई मंडल भाजपा द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्ड क्रमांक 14 स्थित प्राचीन देउर मंदिर में एकत्रित होकर अपनी आस्था प्रकट की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोमनाथ मंदिर की अखंडता और सांस्कृतिक गौरव को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेते हुए भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से ॐकार मंत्र का जाप कर वातावरण को शिवमय कर दिया और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में मंडल भाजपा गंडई के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जीवन दास रात्रे, टेकन देवांगन, राकेश जयसवाल, मंगल जैन, लीलाराम साहू, रजेलाल पटेल, रवि भावनानी, भानु प्रताप साहू, राकेश टंडन, तसील पटेल, मनीष सोनी, दिनेश भट्ट, अशोक देवांगन, कमलेश जंगल, श्रीमती अंजलि देवांगन, श्रीमती उमा चौबे, श्रीमती आशा कुर्रे, रुक्मणी साहू, सोनिया दुबे, राजकुमारी सोनी, रोहन ताम्रकार, नीरज दुबे और रतन खांडेकर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश

मंडल भाजपा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि जनवरी 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए बर्बर आक्रमण के आज 1000 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। यह पर्व सोमनाथ की सदियों की सहनशीलता, पुनरुत्थान और निरंतरता का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने का भी गौरवशाली वर्ष है।



## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**कवर्धा।** ऑल इण्डिया टाइगर एस्टीमेशन–2026 के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को काष्ठागार सभागार, कवर्धा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन वनमंडलाधिकारी, कवर्धा निखिल अग्रवाल के निर्देशन में, अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा श्रीमती अनिता साहू के मार्गदर्शन केके साहू, परिक्षेत्र अधिकारी, भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग को कई महत्वपूर्ण और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# मोदी सरकार मनरेगा फंड काट-काट कर खत्म करने की साजिश कर रही है: गुरु रूद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत पत्रकार वार्ता में मोदी सरकार पर मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने का गंभीर आरोप लगाया। गुरु रूद्र कुमार ने कहा कि मनरेगा एक केन्द्रीय कानून था, जिसमें पहले 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाती थी, लेकिन अब केन्द्र ने अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए इसे 60-40 में बदल दिया है। इतना ही नहीं, पहले राज्य को 50 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केन्द्र पैसा जारी करेगा। यह व्यवस्था जानबूझकर बनाई गई है ताकि कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्य मजदूरों को काम ही न दें। उन्होंने कहा कि इस फैसले का सीधा मतलब है कि मनरेगा को धीरे-धीरे बंद करना। जैसे-जैसे राज्यों पर बजट का बोझ बढ़ेगा, वैसे-वैसे मजदूरों को काम मिलना बंद हो जाएगा। यह गरीबों के खिलाफ भाजपा सरकार की सोची-समझी साजिश है। पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अब राज्यों पर तथाकथित जी राम जी योजना के नाम पर लगभग 50,000 करोड़ रुपए का बोझ डालना चाहती है और उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर कर रही है। यह संघीय ढांचे पर हमला और राज्यों की आर्थिक कमर तोड़ने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा देश के सबसे गरीब लोगों के लिए रोजगार की गारंटी थी, जिसने कोरोना जैसी आपदा में करोड़ों परिवारों को भुखमरी से बचाया। आज उसी योजना पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। इसलिए यह नया बिल साफ तौर पर गरीब-मजदूर विरोधी है। प्रेस वार्ता में नवीन जायसवाल, वरिष्ट कांग्रेस नेता लालजी चंद्रवंशी, शहर अध्यक्ष अशोक ठाकुर, प्रभारी जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत, युवा नेता मनीष शर्मा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी, सेवादल जिला अध्यक्ष पदुम सेन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष नारायणी टोंण्डे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शितेश चंद्रवंशी, वरिष्ट नेता मन्नू राम चंद्रवंशी, डाकोर चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष सौकि साहू, चोवा राम साहू, भगवान सिंह पटेल, हरि पटेल, सुधांशु बघेल, प्रशांत परिहार, टीकम शर्मा, भीखम पाण्डेय सत्येंद्र वर्मा, वाल्मिकी वर्मा, आंनद चंद्रवंशी, मेहुल सत्यवंशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 100 दिन से 125 दिन काम की बात केवल राजनीतिक छलावा :नवीन




जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि 100 दिन से 125 दिन काम की बात केवल राजनीतिक छलावा है। सच्चाई यह है कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार किसी भी साल औसतन 100 दिन का काम नहीं दे पाई। राष्ट्रीय औसत सिर्फ 38 दिन रहा है। छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांवों में भाजपा सरकार आने के बाद मनरेगा का काम लगभग ठप है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों का कानूनी अधिकार था, जिसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिव कृपा में बदल दिया गया है, जो पूरी तरह केंद्र सरकार की मर्जी पर निर्भर है। भाजपा एक बार फिर भगवान राम के नाम पर झूठ बोल रही है। जिस व्हीबीजीआरएएमजी को राम बताया जा रहा है, उसका भगवान राम से कोई लेना-देना नहीं है। प्रदेश सचिव पीसीसी वीरेंद्र जांगड़े कहा कि यदि मनरेगा की कानूनी गारंटी बहाल नहीं की गई, केंद्र की पूरी वित्तीय जिम्मेदारी सुनिश्चित नहीं हुई और मजदूरों को पूरा काम नहीं मिला, तो कांग्रेस पार्टी राज्य-भर में उग्र जन आंदोलन करेगी।

**आस्था से खिलवाड़:** धर्मनगरी कवर्धा स्थित काली गर्डन के शिवमंदिर में तोड़फोड़, सनातनियों में रोष

# सनातनियों की आस्था पर फिर चोट मंदिर से शिव लिंग गायब, नंदी खंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सनातनधर्मियों के जिले में स्थापित आस्था के केन्द्र मंदिर, देवालय व शिवालयों में तोड़फोड़, चोरी तथा छेड़छाड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। स्थिति ये है कि कुछ-कुछ दिनो के अंतराल में इस तरह की घटनाओं की खबरें जिलेभर से सामने आ रही है। हद तो यह है कि इसी कड़ी में अब इस तरह का मामला धर्मनगरी और जिला मुख्यालय कवर्धा से सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित काली गार्डन में स्थापित एक शिव मंदिर से शुक्रवार-शनिवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा शिवलिंग को उखाड़ कर हटा दिया गया। वहीं मंदिर में स्थापित नंदी महाराज की प्रतिमा को भी उखाड़ कर खंडित कर दिया गया। बताया जाता है कि लोगों को इस बात की जानकारी शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वे मंदिर में रोज की तरह पूजा अर्चना करने पहुंचे।

लोगों ने बताया कि मंदिर में स्थापित शिव लिंग गायब थे और नंदी महाराज की प्रतिमा खंडित पड़ी थी। कुछ ही देर में इस बात की खबर जंगल में आग की तरह पूरे धर्मनगरी में फैल गई और देखते ही देखते सनातनधर्मी और कांग्रेस पार्टी के नेता मौके पर पहुंच गए। लोगों ने घटना स्थल के आसपास मंदिर से गायब शिव लिंग को खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस बीच घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को भी दी गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर अपनी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। लेकिन अभी तक इस बात का कोई सुराग नहीं मिल पाया है कि इस कृत्य को किसने और क्यों अंजाम दिया है।

वहीं दूसरी तरफ शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह तथा प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कबीरधाम जिले में सनातनियों की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हुए उनके मंदिर, शिवालयों व देवालयों में लगातार तोडफोड़ की जा रही है। लेकिन हैरानी की बात है कि सनातन धर्म का चोला ओढ़कर लोगों को बरगलाने का काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उसके स्थानीय सत्ताधारी जनप्रतिनिधि इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार सनातनधर्मियों की आस्था को चोट पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा सनातनधर्मियों ने इस मामले में तत्काल शासन-प्रशासन से कार्यवाही कर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

## लगातार मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं आ रही सामने




गौरतलब है कि जिले में सनातनधर्मियों के आस्था केन्द्र मंदिरो, शिवालयों व देवालयों में तोड़फोड़, चोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है। अभी हाल ही की बात की जाए तो जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम महली के महादेव मंदिर से शिवलिंग चोरी का मामला सामने आया था। जिसकी रिपोर्ट ग्रामीणों ने पुलिस थाना में दर्ज कराई थी। जबकि इससे पूर्व जिले के हरमो, सारंगढ़, बोड़ला मुख्यालय के मां काली मंदिर, सरोधा रोड स्थित मां बंजारी मंदिर सहित पंडरिया ब्लाक के ग्राम कामठी में मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ चुकी है। निश्चित रूप से यह एक चिंताजनक विषय है जिस पर शासन-प्रशासन को गंभीरता दिखाने तथा इस तरह के कृत्यों को अंजाम देने वालों की पतासाजी कर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने किया गृह मंत्री का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में शनिवार को कवर्धा में प्रदेश के गृह मंत्री का विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि कवर्धा के काली गार्डन स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग को चोरी कर लिया गया इस घृणित घटना ने न केवल धार्मिक आस्था पर सीधा हमला किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। इस शर्मनाक घटना से पूरे जिले में भारी आक्रोश व्याप्त है। शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष अशोक सिंह ने इस निंदनीय कृत्य के खिलाफ तथा जिले में व्याप्त अराजकता, अपराध और प्रशासनिक विफलता के विरोध में आक्रामक रुख अपनाते हुए गृह मंत्री का पुतला दहन कर सरकार को चेतावनी दी है कांग्रेस पार्टी ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस उग्र एवं आक्रामक आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता साथी एवं कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और एक स्वर में अन्याय के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लिया।

## बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने के लिए स्कूल कॉलेज में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान




**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के माध्यम से कबीरधाम जिले में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम एवं बाल विवाह मुक्त भारत तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा ग्रेसियस कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं ग्रेसियस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कवर्धा, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा, ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल बिरकोना, डीएवी एमपीएस स्कूल धर्मपुरा, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा, डिवाइन पब्लिक स्कूल पांडातराई तथा सरदार पब्लिक स्कूल कुंडा में जाकर कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा उसकी रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में टीम द्वारा निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को ऑनलाइन लिंक एवं क्यूआर कोड के माध्यम से "बाल विवाह मुक्त" रहने की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अभियान में महाविद्यालय एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

# केन्द्रों से धान की धीमी रफ्तार, अभी तक खरीदी के विरूद्ध आधे से भी कम का उठाव

- समिति प्रबंधकों व किसानो को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी, बंद हो सकती है खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला प्रशासन द्वारा अभी हाल ही में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों से नियमित रूप से धान के उठाव पर जोर देते हुए कहा था कि रोजाना जारी डीओ के विरुद्ध उठाव की रिपोर्टिंग की जाए। खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारी भी उठाव को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। उन्होने यह भी कहा था कि हर समिति में हो रही खरीदी, बफर लिमिट और उठाव की लगातार मॉनिटरिंग होनी चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि संबंधित अधिकारियों ने कलेक्टर के निर्देशों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया है। संभवतः यही वजह है कि जिले के धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी के विरूद्ध उठाव की रफ्तार काफी धीमी देखी जा रही है। समिति प्रबंधकों की माने धान के उठाव की धीमा रफ्तार के चलते अब तो कई केन्द्रों में खरीदी बंद करने की स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में शासन द्वारा समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य गत 15 नवम्बर से प्रारंभ किया गया था और अभी तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक जिले के धान खरीदी केन्द्रों में करीब 3 लाख 48 मैट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है लेकिन जहां तक केन्द्रों से धान के उठाव की बात की जाए तो वह आधे से भी कम यानि करीब 1 लाख 5 हजार मैट्रिक टन ही हो पाई है। जबकि केन्द्रों में धान की खरीदी और आवक नियमित रूप से बनी हुई है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि केन्द्रों में कितनी बड़ी मात्रा में धान जाम पड़ा है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि उठाव के आभाव में कई केन्द्रों में अब धान रखने की जगह तक नहीं बची है और उन्हें सड़कों में धान रखने मजबूर होना पड़ रहा है जिसके कारण गांव के मार्ग का आवागमन बाधित हो रहा है और उन्हें लोगों के असंतोष तथा गुस्सा का भी सामना करना पड़ रहा है। समिति प्रबंधकों ने स्पष्ट किया है कि अगर जल्द ही धान का उठाव तेज नहीं किया गया तो खरीदी बंद करने की स्थिति निर्मित हो सकती है।

# डॉ.सियाराम सम्पन्न कराएंगे एमपी का सामाजिक चुनाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय तैलिक महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षीरसागर द्वारा अखिल भारतीय तैलिक महासभा, मध्य प्रदेश भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव सम्पन्न कराने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। जानकारी के मुताबिक यह चुनाव मध्य प्रदेश के सलकनपुर, जिला सीहोर में सम्पन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. सियाराम साहू पूर्व में भी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेक सामाजिक संगठनों के चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न करा चुके हैं। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश की सामाजिक, संगठनात्मक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों की गहन समझ होने के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

**स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा की कल्पना को किया जाएगा साकार: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी**

# मेरे सपनों का कवर्धा विषय पर नपा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा नगरवासियों एवं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का कवर्धा निर्धारित किया गया है।

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अंतिम तिथि 18 जनवरी 2026 रखी गई है। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। पहली श्रेणी आम नागरिकों के लिए तथा दूसरी श्रेणी कक्षा 10वीं से ऊपर के स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को निबंध में कवर्धा नगर के विकास, स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सुरक्षा, यातायात, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता एवं नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे।

निबंध की कुल शब्द सीमा लगभग 30-35 शब्द की भूमिका, 80-90 शब्द का मुख्य भाग, एवं 25-30 शब्दों का निष्कर्ष होना चाहिए। इस तरह कुल 150 शब्दों की सीमा तय की गई है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 3100, द्वितीय पुरस्कार 2100 एवं तृतीय पुरस्कार 1100 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त टॉप-20 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## 23 जनवरी को होगा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से, पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में किया जाएगा। उन्होनें बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नागरिकों और युवाओं को शहर के भविष्य के प्रति सोचने एवं सकारात्मक सुझाव देने का अवसर देना है। उन्होंने कवर्धा के नागरिकों एवं 10वीं से लेकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मेरे सपनों का कवर्धा अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

## नगर के सपनों को अपने शब्दों में ढालने का अवसर

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आयोजित यह निबंध लेखन प्रतियोगिता केवल एक साहित्यिक आयोजन नहीं, बल्कि शहर के भविष्य को लेकर सामूहिक चिंतन की अनूठी पहल है। आमतौर पर विकास योजनाएं प्रशासनिक स्तर पर तय होती हैं, लेकिन इस प्रतियोगिता के माध्यम से नगर के नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों को सीधे अपनी सोच, सुझाव और सपनों को व्यक्त करने का अवसर दिया जा रहा है मेरे सपनों का कवर्धा विषय के जरिए प्रतिभागी नगर के विकास, स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सुरक्षा, यातायात, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता एवं नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। इससे न केवल नागरिकों की अपेक्षाएं सामने आएंगी, बल्कि प्रशासन को भी जमीनी स्तर से उपयोगी सुझाव प्राप्त होंगे, जो भविष्य की योजनाओं में मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

# बनते ही उखड़ रही सड़कें सांसद से हुई शिकायत



**डोंगरगढ़।** नगर में लाखों की लागत से सडक निर्माण शुरू हुआ है। निर्माण बिना अधिकारी इंजिनियर की देख रेख में अंधेरे में किया जा रहा है। हाल में रेल्वे चौक, नाला के नीचे भगत सिंग चौक, डोंगरगढ़ थाना के पीछे, इंदिरा नगर में सडक निर्माण किया गया है। ठेकेदार ने रात को निर्माण करा दिया हैं। सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। उन्होंने नगर पालिका के साथ रेल्वे विभाग के माध्यम से रेल्वे कालोनी में कराए जा रहे डामरीकरण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पिछले 6 माह से रेल्वे चौक से केंद्रीय विद्यालय तक डामरीकरण की स्वीकृति हुई थी। लगभग 6 सौ मीटर सडक में कई जगह दरारे आ गई है। कई जगह डामर उखड़ने लगा है। रेल्वे व्यापारी चौक के पास से तो रात में बनी सडक सुबह वाहन चलने से खराब हो गई है। व्यापारियों की नाराजगी के बाद श्री हत्थेल ने सांसद संतोष पांडे से इस मामले में बात की।

**सार समाचार**

## विधायक कुंवर सिंह ने दिलाई शपथ



**राजनांदगांव।** निषाद समाज ने छत्तीसगढ़ में बाल विवाह मुक्त करने संकल्प लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक कुंवरसिंह निषाद ने शपथ दिलाई तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने बैठक में निर्णय लिया गया। इस संबंध में कलेक्टर जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में रखे गए जिला स्तरीय कार्यशाला 15 दिसंबर 2025 को उपस्थित निषाद समाज के प्रतिनिधि, जिला अंकेक्षक व सचिव ग्राम पंचायत हरिराम निषाद उपस्थित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निषाद समाज प्रदेश संगठन के अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, जिलाध्यक्ष द्रुपत मुन्ना निषाद राजनांदगांव, प्रदेश उपाध्यक्ष बोधीराम निषाद बेमेतरा, महिला उपाध्यक्ष गायत्री कैवर्त कसडोल, महासचिव मनोहर निषाद जगदलपुर, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, सलाहकार सोनीराम निषाद सहित जिला व क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में निषाद बंधु उपस्थित थे।

## आज खेला जाएगा सेफा व फाइनल

राजनांदगांव। सीजन-6 अग्रसेन प्रीमियर लीग का सेमीफाइनल एवं फाईनल मैच कल रविवार को खेला जाएगा। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के



अध्यक्ष अंकुश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल प्रीमियर लीग के सात मैच खेले जा रहे है। जिसमें पहला मैच गोयल दाल मिल ने 61 रन से शानदान जीत अर्जित किया। दूसरा मैच श्याम मार्केटिंग ने 23 रन से जीता। तीसरा मैच धनलक्ष्मी पेपर मिल ने 7 रन से जीता। चौथा मैच प्रिया होजयरी ने 37 रन एवं पांचवा मैच श्री हरि कारगो ने 3 विकेट से जीत दर्ज की। जिसमें मयंक रूगटा की 37 रन की शानदार पारी रही। छठवां मैच श्री राधे मिनरल्स ने जीता। सातवां मैच प्रिया होजयरी ने जीता। उन्होंने बताया कि कल 11 जनवरी को सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच खेला जाएगा। अग्रसेन प्रीमियर लीग 2026 का समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल चेयरमेन सन ग्रुप व अध्यक्षता विनोद लोहिया चेयरमेन लोहिया ग्रुप, समीर पोददार एडी सत्या बिल्डकॉन, संतोष अग्रवाल राधाकृष्ण एजेंसी होंगे। सेमी फाइनल मैच के प्रयोजक श्री अग्रवाल सभा राजनांदगांव एवं द्वितीय सेमी फाइनल के प्रायोजक अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की महिला विंग है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

## राजपूत महासभा की बैठक आज

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं.क्र. 1282 का जोन की बैठक कल 11 जनवरी को दोपहर 01 बजे अम्बेडकर भवन नया बस स्टैंड डोंगरगांव में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिहं बैस करेंगे। बैठक में मुख्य विषय महासभा के 62वें महाधिवेशन हेतु तैयारी के संबंध में चर्चा, जोन अंतर्गत आने वाले उपसमितियों से सहयोग राशि के संबंध में चर्चा, संयोजक एवं सह-संयोजक के विषय में चर्चा, अतिथि निर्धारण के संबंध में चर्चा, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा, महासभा के कोषाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी नीरज सिंह क्षत्रिय ने जोन के सभी अध्यक्ष, सचिव, पूर्व महासभा पदाधिकारी तथा उप समिति, सभी पदाधिकारी, वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा मंडल पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम की कार्रवाई जारी

# 12.5 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त, 9 हजार का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए जाने कार्रवाई पर नगर निगम सख्ती बरत रही है और प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करने एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते 3 थोक प्लास्टिक विक्रेताओ सहित 12 दुकानों पर 9 हजार रुपए जुर्माना कर 12.5 किलो पालीथिन जब्त करने की कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कड़े कदम उठा रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम द्वारा भी प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने व्यापारियों से अपील करते कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते कहा कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते जब भी घर से निकले कपड़े का थैला लेकर निकले तथा लोगों को भी इसके लिए समझाईस दें, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।



### मानव जीवन सहित जीव-जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ मानव जीवन सहित जीव-जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है। नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने प्रतिदिन समझाईस दे रहे हैं। समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की कड़ी में पुराना गंज चौक एवं कामठी लाइन में निगम अमला ने अभियान चलाकर 3 थोक प्लास्टिक विक्रेताओं में कांकरिया, बजाज एवं साई प्लास्टिक के अलावा 12 दुकानों व फल विक्रेताओं पर कार्रवाई कर 9 हजार रुपए जुर्माना वसूल 12 किलो 5 सौ ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।

## आज से 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

- 36 टीमें भाग लेने पहुंची शहर, आयोजन की तैयारियां पूरी

**राजनांदगांव।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित व स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 संस्कारधानी राजनांदगांव में कल 11 से 15 जनवरी तक खेली जाएगी। इस स्पर्धा में देश के 36 राज्यों व संस्थाओं की टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियों को आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरी कर ली। आयोजन में भाग लेने देश के विभिन्न राज्यों की टीमें नगर में पहुंच चुकी है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधूसुदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम के स्कूल शिक्षा समिति सभापति आलोक श्रोती शामिल रहेंगे।

## नुक्कड नाटक से यातायात नियमों के प्रति जागरूक



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत 11 एवं 12 जनवरी को परिवहन व यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 2 दिवसीय लर्निंग लाईसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुष्पेन्द्र नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात स्टॉफ की उपस्थिति में दिग्विजय कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा कलाकार द्वारा शहर के गंज चौक एवं जयस्तंभ चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शराब सेवन कर वाहन न चलाने, वाहन चलाते मोबाइल पर बात नहीं करने, नाबालिकों को वाहन न देने एवं वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने जागरूक करने का प्रयास किया गया।

**चलावा चौंका-आरती आज** : *राजनांदगांव।* सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में कल 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से त्याग वैराग्य तपोनिष्ठ पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य जी, कबीर धर्म स्थान खरसिया छत्तीसगढ़ एवं सदगुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा वाराणसी उत्तरप्रदेश के सानिध्य में चलावा चौंका-आरती एवं भोजन-भंडारा का आयोजन रखा गया है। पेंडरी के अध्यक्ष योगदास साहू ने बताया कि राजस्थान प्रांत से सोजत सिटी के सदगुरु कबीर साहेब के अनन्य भक्त दानवीर योद्धा 104 वर्ष आयु के वयोवृद्ध सतलोकवासी छगनलाल टांक के विगत दिवस सतलोक हंसगमन हो गया है। उनके पुण्य आत्मा को शांति प्रदान के लिए टांक परिवार द्वारा एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में चलावा चौंका-आरती एवं भोजन-भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है।







